an>

Title: Need to provide relief measures to farmers in drought affected region in Marathwada.

डॉ. प्रीतम गोपीनाथ मुंडे (बीड): धन्यवाद अध्यक्ष महोदया। महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में जो अकाल-सदृश स्थिति उत्पन्न हुई है, उस पर मैं आपके माध्यम से सरकार का विशेष ध्यान आकर्षित कराना चाहती हूं।

गत वर्ष भारी मात्रा में ओलों की बौछार हुई, जिसका मुआवजा अब तक कई किसानों को नहीं मिल पाया है। इस वर्ष बहुत ही कम परिजन्यमान के कारण किसानों की स्थिति बेहद चिन्ताजनक है। गन्ना, कपास, सोयाबीन, जवार और तुअर दाल आदि सारी फसलों का बहुत भारी मात्रा में नुकसान हुआ है। फसल की उत्पादकता 30 प्रतिशत से कम हो चुकी है, जो बेहद चिन्ता का विषय है। विशेषकर बीड जिले में पीने के पानी की भी भारी समस्या है। कई गांवों में आज टैंकर से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। मेरे जिले में खेती और खेती पर निर्भर व्यवसाय ही लोगों का प्रमुख व्यवसाय है। इसलिए राज्य शासन के साथ-साथ केन्द्र सरकार भी किसानों को राहत दिलाने में अपना सहयोग दे, जिसमें फसल बीमा, बिजली के बिल में माफी और किसानों के बच्चों की स्कूल फीस की माफी कराएं और मुआवजे के तौर पर किसानों को ज्यादा से ज्यादा राशि उपलब्ध करवाएं। यही मांग मैं आपके माध्यम से रखना चाहती हूं। धन्यवाद।

SHRIMATI V. SATHYABAMA (TIRUPPUR): Thank you Madam Speaker. I would like to speak in Tamil.

HON. SPEAKER: You have not intimated that you will speak in Tamil language. So, please speak in English or in Hindi because Tamil interpreter is not available. If you want to speak in Tamil language, then you have to intimate beforehand for Tamil interpretation.